www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

प्रश्न पुस्तिका
# QUESTION BOOKLET

प्रश्न पुस्तिका क्रमांक
Question Booklet No.
22622727

# 02

समय / Time : 2 घंटे / Hours

पूर्णांक / Maximum Marks : 100

## निर्देश / INSTRUCTIONS

कृपया ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक पर अपना अनुक्रमांक, पंजीयन संख्या, प्रश्न पुस्तिका क्रमांक, परीक्षा केन्द्र कोड (05 अंकों का), परीक्षा तिथि तथा पाली आदि सभी प्रविष्टियों को सावधानीपूर्वक काले/नीले बॉल प्वाइंट पेन से भरें। ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक में प्रश्न पुस्तिका क्रमांक की गलत प्रविष्टि भरने पर परीक्षा परिणाम गलत आएगा जिसके लिए अभ्यर्थी स्वयं उत्तरदायी होगा ।

**Please fill all your entries like Roll No., Registration No., Question Booklet No., Exam Centre Code (of 05 Digits), Examination Date and Shift etc. very carefully on the OMR Answer Sheet, using Black/Blue ball point pen. Filling wrong entry of Question Booklet No. in OMR Answer Sheet will cause wrong examination result and candidate himself/herself will be responsible for the same.**

1. परीक्षा प्रारम्भ होते ही प्रश्न पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक की भली–भाँति जाँच कर यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न पुस्तिका में प्रश्न क्रमांक 1 से अन्तिम क्रमांक 100 तक सभी प्रश्न क्रमवार मुद्रित हैं एवं प्रश्न पुस्तिका में सभी पृष्ठ मौजूद हैं । किसी भी प्रकार की विसंगति होने पर प्रश्न पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक अंतरीक्षक से बदलवा लें । परीक्षा प्रारम्भ होने के 5 मिनट के पश्चात् ऐसी स्थिति में किसी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा ।
   At the start of the examination check your Question Booklet and OMR Answer Sheet and ensure that all the questions from S.No. 1 to last S.No. 100 are printed and all the pages are present in the Question Booklet. In case of any discrepancy the candidate should replace the Question Booklet and OMR Answer Sheet from the invigilator. No objection in this regard will be entertained after five minutes of start of examination.
2. सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए । सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।
   Answer all questions. All questions carry equal marks.
3. प्रत्येक प्रश्न का केवल एक ही उत्तर दीजिए । ओवरराइटिंग और एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न के उत्तर को गलत माना जाएगा तथा ऐसे प्रत्येक उत्तर के लिए एक–चौथाई अंक काटा जाएगा । प्रश्न को अनुत्तरित छोड़ने पर शून्य अंक दिया जाएगा ।
   Only one answer is to be given for each question. Overwriting and marking multiple answers will be considered as wrong answers and **1/4 mark will be deducted for each such answer.** Leaving a question unanswered will get zero mark.
4. प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर दिये गये हैं, जिन्हें क्रमशः (A), (B), (C), (D) अंकित किया गया है । अभ्यर्थी को सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए उनमें से केवल एक गोले अथवा बबल को ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक पर काले/नीले बॉल प्वाइंट पेन से भरना है ।
   Each question has four alternative responses marked serially as (A), (B), (C), (D). You have to darken only one circle or bubble indicating the correct answer on the OMR Answer Sheet using **BLACK/BLUE BALL POINT PEN.**
5. कैलकुलेटर, मोबाइल फोन/ब्लूटूथ डिवाइस अथवा अन्य किसी इलेक्ट्रॉनिक यंत्र का परीक्षा हॉल में प्रयोग पूर्णतया वर्जित है । यदि किसी अभ्यर्थी के पास ऐसी कोई वर्जित सामग्री मिलती है तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्यवाही की जायेगी ।
   Use of Calculator, Mobile Phone/Bluetooth devices or any other electronic gadget in the examination hall is strictly prohibited. If any such prohibited material found with any candidate, strict action will be taken against him/her as per rule.
6. यदि किसी प्रश्न के हिन्दी एवं अंग्रेजी रुपान्तरों में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की अस्पष्टता/त्रुटि हो तो प्रश्न का अंग्रेजी रुपान्तरण मान्य होगा ।
   If there is any sort of ambiguity/mistake either of printing or factual nature in Hindi and English Version of the question, the English Version will be treated as standard.
7. अभ्यर्थी परीक्षा–भवन छोड़ने से पहले ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक की सभी तीनों प्रतियाँ अलग किये बिना अंतरीक्षक को सौंप दें, अन्यथा अभ्यर्थी उचित दण्ड/वैधानिक कार्रवाई के पात्र होंगे । ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक की अभ्यर्थी प्रति अंतरीक्षक द्वारा अलग करके अभ्यर्थी को दे दी जायेगी ।
   Before leaving the Examination Hall candidate must hand over all the three copies of OMR Answer Sheet to the invigilator without separating them, otherwise candidate will be liable for appropriate penal/legal action. Invigilator will hand over the candidate's copy of OMR Answer Sheet to the candidate after separating it.
8. परीक्षा समाप्ति के उपरान्त अभ्यर्थी अपनी ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक की अभ्यर्थी प्रति तथा अपनी प्रयुक्त प्रश्न पुस्तिका अपने साथ ले जा सकते हैं ।
   After the exam is over the candidates can take their candidate copy of OMR Answer Sheet and their used Question Booklet along with them.

**इस प्रश्न पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए।**
**Do not open this Question Booklet until you are asked to do so.**

CONFIDENTIAL

1. निम्नलिखित में से किस राज्य सरकार ने 5,000 रुपये की 'काशी यात्रा' सब्सिडी योजना शुरू की ?
(A) इनमें से कोई नहीं (B) तमिलनाडु
(C) कर्नाटक (D) केरल

Which of the following State Government launched ₹ 5,000 'Kashi Yatra' subsidy scheme ?
(A) None of these (B) Tamil Nadu
(C) Karnataka (D) Kerala

2. जून 2022 में, भारत ने निम्नलिखित में से किस देश के साथ 'कॉमनवेल्थ डिप्लोमैटिक एकेडमी प्रोग्राम' की घोषणा की ?
(A) फ्रांस (B) ऑस्ट्रेलिया
(C) यू.के. (D) इटली

In June, 2022, India announced the 'Commonwealth Diplomatic Academy Programme' with which among the following countries ?
(A) France (B) Australia
(C) UK (D) Italy

3. ________ कंपनी ने IAF के हेलीकॉप्टरों के लिए ADS की आपूर्ति हेतु एक बेलारूसी कंपनी और उसकी सहायक कंपनी के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।
(A) हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड
(B) इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड
(C) भारत डायनेमिक्स
(D) भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड

________ Company signed an MOU with a Belarusian Company and its subsidiary for the supply of ADS for helicopters of the IAF.
(A) Hindustan Aeronautics Limited
(B) Engineers India Limited
(C) Bharat Dynamics
(D) Bharat Electronics Limited

4. निम्नलिखित में से किस भारतीय राज्य ने 'नारी को नमन' नाम से एक नई योजना शुरू की है ?
(A) ओडिशा (B) पंजाब
(C) हिमाचल प्रदेश (D) उत्तर प्रदेश

Which among the following Indian state has launched a new scheme named 'Naari Ko Naman' ?
(A) Odisha
(B) Punjab
(C) Himachal Pradesh
(D) Uttar Pradesh

5. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने निम्नलिखित में से किस जिले में डॉ. संपूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम में एक कार्यक्रम में 1,800 करोड़ रुपये की योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया ?
(A) वाराणसी (B) मेरठ
(C) कानपुर नगर (D) लखनऊ

PM Narendra Modi inaugurated and laid the foundation stone of initiatives worth ₹ 1,800 crores at an event at Dr. Sampurnanand Sports Stadium in which among the following districts ?
(A) Varanasi (B) Meerut
(C) Kanpur Nagar (D) Lucknow

6. किस संस्थान ने 'इंडियाज बूमिंग गिग एंड प्लेटफॉर्म इकोनॉमी' शीर्षक से एक रिपोर्ट जारी की ?
(A) विश्व बैंक
(B) अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन
(C) अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष
(D) नीति आयोग

Which institution released a report titled 'India's Booming Gig and Platform Economy' ?
(A) World Bank
(B) International Labour Organisation
(C) International Monetary Fund
(D) NITI Aayog

7. निम्नलिखित में से कौन सी राज्य सरकार 'सिंगल एंट्री, मल्टीपल एग्जिट' के विचार पर एक एजुकेशन टाउनशिप बनाने की योजना बना रही है ?
(A) कर्नाटक (B) राजस्थान
(C) हरियाणा (D) उत्तर प्रदेश

Which of the following state government is planning to build an education township on the idea of 'Single Entry, Multiple Exit' ?
(A) Karnataka (B) Rajasthan
(C) Haryana (D) Uttar Pradesh

8. निम्नलिखित में से कौन सा भारत का सबसे छोटा केंद्र शासित प्रदेश है ?
(A) दमन और दीव
(B) लक्षद्वीप
(C) लद्दाख
(D) अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह
Which among the following is the smallest Union Territory of India ?
(A) Daman and Diu
(B) Lakshadweep
(C) Ladakh
(D) Andaman and Nicobar Islands

9. छात्र पारिस्थितिकी के लिए एक नया डिजिटल प्लेटफॉर्म 'कैंपस पॉवर' किस बैंक द्वारा लॉन्च किया गया है ?
(A) आई.सी.आई.सी.आई. बैंक
(B) एच.डी.एफ.सी. बैंक
(C) भारतीय स्टेट बैंक
(D) पंजाब नेशनल बैंक
A new digital platform 'Campus Power' for student ecosystem has been launched by which bank ?
(A) ICICI Bank
(B) HDFC Bank
(C) State Bank of India
(D) Punjab National Bank

10. भारत के कितने राज्य बांग्लादेश के साथ सीमा साझा करते हैं ?
How many states of India share border with Bangladesh ?
(A) इनमें से कोई नहीं/None of these
(B) 6
(C) 5
(D) 7

11. निम्नलिखित में से पोलैंड की राष्ट्रीय मुद्रा क्या है ?
(A) इनमें से कोई नहीं (B) डॉलर
(C) येन (D) ज़्लॉटी
What among the following is the national currency of Poland ?
(A) None of these (B) Dollar
(C) Yen (D) Zloty

12. ________ उत्तर प्रदेश का एक लोकप्रिय शास्त्रीय नृत्य है ।
(A) कुचिपुड़ी (B) मोहिनीअट्टम
(C) कत्थक (D) कथकली
________ is a popular classical dance of Uttar Pradesh.
(A) Kuchipudi (B) Mohiniattam
(C) Kathak (D) Kathakali

13. निम्नलिखित में से किसके पास लोक सभा सत्र को स्थगित करने की शक्ति है ?
(A) राज्य सभा अध्यक्ष
(B) लोक सभा अध्यक्ष
(C) भारत के राष्ट्रपति
(D) प्रधानमंत्री
Who among the following has the power to prorogue the Lok Sabha sessions ?
(A) Speaker of the Rajya Sabha
(B) Speaker of the Lok Sabha
(C) President of India
(D) Prime Minister

14. "अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस" निम्नलिखित में से किस दिन मनाया जाता है ?
(A) 23 मार्च (B) 2 अक्टूबर
(C) 10 दिसंबर (D) 30 जनवरी
"International day of Non-Violence" is observed on which among the following day ?
(A) 23 March (B) 2 October
(C) 10 December (D) 30 January

15. वास्को-डि-गामा का मकबरा (दफन स्थान) भारत के निम्नलिखित में से किस स्थान पर स्थित है ?
(A) दुर्गापुर (पश्चिम बंगाल)
(B) कोयंबटूर (तमिलनाडु)
(C) चित्तौड़गढ़ (राजस्थान)
(D) कोच्चि (केरल)
Tomb (the burial place) of Vasco-da-Gama is situated in which among the following place of India ?
(A) Durgapur (West Bengal)
(B) Coimbatore (Tamil Nadu)
(C) Chittorgarh (Rajasthan)
(D) Kochi (Kerala)

16. "थॉमस कप" निम्नलिखित में से किस खेल से संबंधित है ?
(A) बास्केट बॉल (B) क्रिकेट
(C) बैडमिंटन (D) टेनिस
"Thomas Cup" is related to which among the following games ?
(A) Basket Ball (B) Cricket
(C) Badminton (D) Tennis

17. प्रसिद्ध पुस्तक 'विंग्स ऑफ फायर' किसकी आत्मकथा है ?
(A) सरोजिनी नायडू
(B) जवाहरलाल नेहरू
(C) डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम
(D) महात्मा गांधी
The famous book –'Wings of Fire' is an autobiography of
(A) Sarojini Naidu
(B) Jawaharlal Nehru
(C) Dr. A. P. J. Abdul Kalam
(D) Mahatma Gandhi

18. ग्लोबल वार्मिंग का अपेक्षित परिणाम है:
(A) ये सभी
(B) फसल पैटर्न में परिवर्तन
(C) समुद्र के स्तर में वृद्धि
(D) तटीय रेखा में परिवर्तन
Expected result of Global warming is :
(A) All of these
(B) Change in crop pattern
(C) Increase in sea level
(D) Change in coastal line

**निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों (प्र. 19 से 23) के उत्तर दीजिए ।**

आजकल पढ़े-लिखे नवयुवकों को विदेशी संस्कृति और जीवन अपनी ओर सर्वाधिक आकर्षित कर रहे हैं । इसके लिए कई माता-पिता का भी सपना होता है कि उनकी संतान विदेशों में पढ़ने जाए, वहाँ की सुख-चैन की ज़िन्दगी बसर करे और समाज में उनका नाम ऊँचा हो । इसमें कुछ ग़लत भी नहीं है । भारत में बेकारी है, ग़रीबी है, गंदगी है, प्रदूषण है, भ्रष्टाचार है, लूट-पाट है और विदेशों में इससे सर्वथा विपरीत स्वर्गीय आनंद है । माँ-बाप के अथक प्रयासों एवं प्रेरणा के फल-स्वरूप बच्चे विदेशों में पढ़ने-बसने चले जाते हैं । शुरू में तो माँ-बाप, सगे-सम्बन्धी सभी याद आते हैं पर कालांतर में बच्चे वहाँ की ज़िन्दगी और वहाँ की तथाकथित सभ्यता में इतने रच-बस जाते हैं कि धीरे-धीरे वे पड़ोसियों, सगे-सम्बन्धियों, अपने भारतीय मित्रों और माँ-बाप को भी भूलने लगते हैं । पहले वर्ष में एक-दो बार इसके बाद क्रमशः धीरे-धीरे भारत में आना कम होने लगता है । अगर विदेशी मैम से शादी हो जाए तो कहने ही क्या ? कुछेक को छोड़कर ज़्यादातर के ये ही हाल हैं । इसमें उन बच्चों का उतना दोष भी नहीं है और न विदेश भेजने वाले अभिभावक ही कदाचित उतने दोषी हैं । शायद उनके संस्कारों में ही कोई कमी रह गई हो । पीढ़ियों के अंतराल के प्रभाव की समझ न रखने वाले ज़्यादातर माँ-बाप दो-चार महीने तक संतान के पास जाकर इसके बाद वापस स्वदेश आ जाते हैं क्योंकि उनके कमाऊ पूत स्वदेश में आकर बसना नहीं चाहते । बच्चों की शिकायत है कि माँ-बाप उनकी पत्नी और बच्चों के साथ एडजस्ट नहीं करते और अपनी पुराने ज़माने की चीजों को यहाँ थोपना चाहते हैं । इस प्रकार के व्यवहार से वे हमारे साथ कैसे रह पाएँगे ? अपने द्वारा भोगे जाने वाले कष्टों और दुश्चिन्ताओं की चर्चा वे माँ-बाप किसी से नहीं करते । उनके द्वारा लिए गए निर्णय पर जग हँसाई के डर के साथ रहने वाले वे बुढ़ापे के कष्टों और बीमारियों को अकेले ही झेलते बच्चों के वियोग में अनकही पीड़ाओं के साथ एक-एक करके दोनों अंततः इस दुनिया से विदा हो जाते हैं ।

19. आजकल पढ़े-लिखे नवयुवक विदेश क्यों जाते हैं ? सर्वाधिक सबल तर्क कौन सा लगता है ?
(A) बुढ़ापे में माँ-बाप को अपने पास बुलाकर उनकी सेवा करने के उद्देश्य से जाते हैं ।
(B) अपने पड़ोसियों पर रौब गाँठने के उद्देश्य से जाते हैं ।
(C) माँ-बाप का सपना पूरा करने, सुख-चैन की ज़िन्दगी बसर करने तथा समाज में प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए जाते हैं ।
(D) माँ-बाप की ग़रीबी दूर करने एवं उनके बुढ़ापे के लिए सुख-साधन जुटाने के लिए जाते हैं ।

Prepp Your Personal Exams Guide



20. 'इस प्रकार के व्यवहार से वे हमारे साथ कैसे रह पाएँगे ?' यहाँ ऐसे कौन से व्यवहार की ओर संकेत है जिससे उनकी संतान उन्हें अपने साथ नहीं रख पाती ?
(A) विदेश के पड़ोसियों के साथ गाली-गलौज़ और दुर्व्यवहार करते होंगे ।
(B) बच्चों के परिवार के सदस्यों (पत्नी और उनके बच्चों) के रहन-सहन, खान-पान, पहनावे और चाल-चलन पर ऐतराज़ और कटाक्ष करते होंगे ।
(C) बच्चों से पैसे की माँग करते होंगे ।
(D) बच्चों के खान-पान पर ऐतराज़ करते होंगे ।

21. विदेश में जा बसे बच्चों के व्यवहार परिवर्तन के लिए कौन दोषी है ? अनुच्छेद को ध्यान में रखते हुए सर्वाधिक प्रबल तर्क को चुनिए ।
(A) अधूरे संस्कार
(B) बच्चों के मन में बचपन में माँ-बाप द्वारा बोए गए सपने
(C) विदेश में जा बसे बच्चे
(D) बच्चों के माँ-बाप

22. विदेश में जा बसे बच्चों के माँ-बाप अपने द्वारा भोगे जाने वाले कष्टों और दुश्चिन्ताओं की चर्चा किसी से क्यों नहीं करते ?
(A) गरीबी और अभावों के कारण ।
(B) भाग्य और अपनी भवितव्यता का खेल समझकर ।
(C) जग हँसाई से बचने के लिए ।
(D) बच्चों के प्रति उपजी नाराजी के कारण ।

23. बच्चों की शिकायत है कि माँ-बाप पत्नी और बच्चों के साथ एडजस्ट नहीं करते और अपनी पुराने ज़माने की चीजों को यहाँ थोपना चाहते हैं । इसके लिए कौन सही में दोषी है ?
(A) माता-पिता का बिना बात का हठ और ज़िद ।
(B) दो पीढ़ियों का अंतराल ।
(C) नए माहौल में नए देश में बसने वाले बच्चे ।
(D) पुराने जीवन मूल्यों और परम्पराओं के साथ विदेश में बच्चों के साथ बसने के इच्छुक माँ-बाप ।

**निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों (प्र. 24 से 28) के उत्तर दीजिए ।**

आज परिवारों का विघटन होता जा रहा है । परिवार सीमित और छोटे होते ज़ा रहे हैं । पढ़े-लिखे परिवारों में एक या दो बच्चे ही होते हैं । माँ-बाप अपने उपलब्ध संसाधनों से बड़े लाड़-प्यार से बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलवाते हैं और दुलार के साथ बड़ा करते हैं । पुराने समय का 'लालयेत् पञ्च वर्षाणि, दश वर्षाणि ताडयेत्' वाला फार्मूला अब बदल चुका है । इतना लाड़ मिलने के बावज़ूद आज की नई पीढ़ी के बच्चे असहनशील होते जा रहे हैं । अगर शिक्षक कक्षा में उनसे कुछ भी कह दें, घर में माँ-बाप या कोई रिश्तेदार कुछ भी कह दें, तो वे तुरंत प्रतिक्रियाशील हो जाते हैं । ग्रहणशीलता समाप्त होती जा रही है और जैसा वे चाहें, वैसा करने की आज़ादी उन्हें चाहिए । अस्तु, येन-केन प्रकारेण बच्चे पढ़-लिखकर नौकरी पा जाते हैं या अपना काम सँभाल लेते हैं । माता-पिता धीरे-धीरे बूढ़े होते जाते हैं । उनके द्वारा बचपन के प्यार से लेकर उस समय तक के त्याग और बलिदान उन्हीं के अपने बच्चों द्वारा भुला दिए जाते हैं । अब माँ-बाप बूढ़े और शक्तिहीन हैं और बच्चों पर बोझ । आज के बूढ़े माँ-बाप पिछली पीढ़ी के बूढ़े माँ-बाप की तुलना में अधिक दयनीय से होते जा रहे हैं । उन्हीं के द्वारा पालित-पोषित बच्चे उन्हें अपने परिवार का सदस्य मन से स्वीकार नहीं कर रहे हैं । यही कारण है कि बुढ़ापे में या तो माँ-बाप अकेले रहते हैं और या अपने ही घर में दीन-हीन से होकर बच्चों का मुँह ताकते हैं । पीढ़ियों के अंतराल से जीवन मूल्यों में तेज़ी से बदलाव हो रहा है । अच्छी भावना से भी यदि बूढ़े माँ-बाप वयस्क बच्चों या उनके परिवार के विषय में कुछ सलाह देते हैं, तो उनकी सलाह का सम्मान नहीं होता । यह संभवतः पीढ़ियों के अंतराल का परिणाम है । अब समय बदल गया है और अनुभवपूर्ण सलाह की इस नई पीढ़ी को आवश्यकता नहीं है । अपेक्षा की जाती है कि यदि उन्हें साथ रहना है तो एडजस्ट करके चलें, अन्यथा वृद्धाश्रम में हम-उम्र लोगों के बीच समय बिताएँ । खुद भी चैन से रहें और उन्हें भी अपनी तरह से चैन से रहने दें । क्या वास्तव में इस सबके लिए युवा पीढ़ी ही दोषी है या कुछ दोष वृद्धों का भी है ?

24. आज के बुजुर्गों के लिए बदलते समय की कौन सी सर्वोचित माँग है जिससे वे चैन से अपना बुढ़ापा काट सकें ?
   (A) बुजुर्ग अपने हेकड़ी से भरे स्वभाव में बदलाव लाएँ ।
   (B) बुजुर्ग बुढ़ापे के लिए कुछ अर्जित करके रखें और अगली पीढ़ी के सदस्यों पर न बोझ बनें और न अपनी राय थोपें ।
   (C) बुजुर्ग अपनी जुबान पर संयम रखें ।
   (D) बुजुर्ग अगली पीढ़ी से सम्मान की अपेक्षा नहीं रखें ।

25. कौन से माँ-बाप अपने ही घर में दीन-हीन से होकर बच्चों का मुँह नहीं ताकते हैं ?
   (A) इनमें से कोई नहीं
   (B) जो माता-पिता बदलते समय के साथ अपने आप को बदल लेते हैं और बहू-बेटों और उनके परिवार को उचित सम्मान देते हैं ।
   (C) जिनके पास अब आमदनी का कोई स्रोत नहीं है ।
   (D) जिनके बच्चे संस्कारहीन हैं और माँ-बाप समझदार नहीं हैं ।

26. माता-पिता द्वारा प्यार-दुलार एवं समस्त संसाधनों के दिए जाने के बावजूद आज की युवा पीढ़ी से वह आत्मीयता ग़ायब है, जो पुरानी पीढ़ी तक विद्यमान थी । इसका सबसे उचित कारण क्या हो सकता है ?
   (A) पीढ़ियों के अंतरण के कारण जीवन मूल्यों के बदलने से युवा पीढ़ी अदूरदर्शी और असहनशील होती जा रही है और उसकी ग्रहणशीलता कम होती जा रही है ।
   (B) सभी युवा एक जैसे नहीं होते । कई युवा अभी भी पुराने लोगों को यथोचित सम्मान देते हैं ।
   (C) आज के युवा स्वावलम्बी और स्वतंत्र रहना चाहते हैं । वे स्वयं की और परिवार और नौकरी/व्यवसाय की परेशानियों से जूझ रहे हैं ।
   (D) युवा पीढ़ी ने दूसरों के कष्टों के बारे में सोचना बंद कर दिया है ।

27. संतान के साथ रहने की इच्छा होते हुए भी कई माँ-बाप के अकेले रहने का कारण कौन सा है ? सबसे सबल तर्क कौन सा है ?
   (A) इनमें से कोई नहीं
   (B) माँ-बाप की आर्थिक स्थिति अच्छी होना ।
   (C) माँ-बाप का संतान और उसके परिवार के प्रति रूखा व्यवहार, वाणी का असंयम और बहू-बेटों की ज़िन्दगी में ज्यादा दखलंदाज़ी ।
   (D) माँ-बाप का बीमार और लाचार होना और अपने द्वारा संतान पर किए अहसानों का लगातार गुणगान करते रहना ।

28. कौन से बच्चे अपने माता-पिता को वृद्धाश्रम में भेज देने की बात करते हैं ?
   (A) जो माँ-बाप बहू-बेटों के परिवार का सहारा बनकर रहते हैं और अपना अभिमत उन पर नहीं थोपते हैं ।
   (B) जिन माता-पिता द्वारा बच्चों को सही संस्कार दिए गए हैं और जो स्वयं संपन्न हैं ।
   (C) जिनके माँ-बाप बच्चों और उनके परिवार को यथोचित सहारा और सम्मान देते हुए अपना जीवन शांति से बिताते हैं ।
   (D) जो बच्चे संस्कारहीन और अविवेकी हैं और जो अपने भविष्य को नहीं देख पाते ।

**प्र. सं. 29 से 33 :**

वर्ष 2011 से 2015 के दौरान पाँच जिलों से प्रतियोगी परीक्षा में उपस्थित, उत्तीर्ण और चयनित उम्मीदवारों की संख्या के आँकड़े तालिका में उल्लिखित हैं। निम्न तालिका का अध्ययन करें और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दें।

**Q. Nos. 29 to 33 :**

Data for Number of candidates appeared, qualified and selected in competitive examination from five districts over the years 2011 to 2015 is mentioned in table. Study the following table and answer the questions based on it.

| | जिला A / District A | | | जिला B / District B | | | जिला C / District C | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वर्ष/ Year | उपस्थित /App | उत्तीर्ण /Qual | चयनित /Sel | उपस्थित /App | उत्तीर्ण /Qual | चयनित /Sel | उपस्थित /App | उत्तीर्ण /Qual | चयनित /Sel |
| 2011 | 8000 | 850 | 94 | 7800 | 810 | 82 | 7500 | 720 | 78 |
| 2012 | 4800 | 500 | 48 | 7500 | 800 | 65 | 5600 | 620 | 85 |
| 2013 | 7500 | 640 | 82 | 7400 | 560 | 70 | 4800 | 400 | 48 |
| 2014 | 9500 | 850 | 90 | 8800 | 920 | 86 | 7000 | 650 | 70 |
| 2015 | 9000 | 800 | 70 | 7200 | 850 | 75 | 8500 | 950 | 80 |

| | जिला D / District D | | | जिला E /District E | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| वर्ष/ Year | उपस्थित /App | उत्तीर्ण /Qual | चयनित /Sel | उपस्थित /App | उत्तीर्ण /Qual | चयनित /Sel |
| 2011 | 8200 | 680 | 85 | 6400 | 700 | 75 |
| 2012 | 6800 | 600 | 70 | 7100 | 650 | 75 |
| 2013 | 6500 | 525 | 65 | 5200 | 350 | 55 |
| 2014 | 7800 | 720 | 84 | 6400 | 540 | 60 |
| 2015 | 5700 | 485 | 60 | 4500 | 600 | 75 |

**29.** किस जिले के लिए विगत वर्षों में चयनित उम्मीदवारों की औसत संख्या न्यूनतम है ?

(A) जिला E (B) जिला D

(C) जिला A (D) जिला C

For which district, the average number of candidates selected over the years is the minimum ?

(A) District E (B) District D

(C) District A (D) District C

**30.** जिला C से चयनित उम्मीदवारों का प्रतिशत जिला C से उत्तीर्ण उम्मीदवारों की तुलना में किस वर्ष में सबसे अधिक है ?

The percentage of candidates selected from District C over those qualified from District C is highest in the year :

(A) इनमें से कोई नहीं/None of these

(B) 2013

(C) 2011

(D) 2012

**31.** जिला D से उत्तीर्ण उम्मीदवारों का प्रतिशत जिला D से उपस्थित होने वालों की तुलना में किस वर्ष में सबसे कम है ?

The percentage of candidates qualified from District D over those appeared from District D is lowest in which year ?

(A) इनमें से कोई नहीं/None of these

(B) 2014

(C) 2012

(D) 2013

**32.** वर्ष 2011 में, किस जिले में उपस्थित उम्मीदवारों की तुलना में चयनित उम्मीदवारों का प्रतिशत सबसे अधिक था ?

(A) इनमें से कोई नहीं (B) जिला E

(C) जिला A (D) जिला C

In the year 2011, which district had the highest percentage of candidates selected over the candidates appeared ?

(A) None of these (B) District E

(C) District A (D) District C

**33.** समीक्षाधीन अवधि के दौरान जिला E से चयनित उम्मीदवारों की संख्या इस अवधि के दौरान जिला A से चयनित उम्मीदवारों की संख्या का लगभग कितना प्रतिशत है ?

The number of candidates selected from District E during the period under review is approximately what percent of the number of selected candidates from District A during this period ?

(A) इनमें से कोई नहीं/None of these

(B) 88.54%

(C) 68.79%

(D) 72.31%

www.prepp.in
Prepp
Your Personal Exams Guide



**प्र. सं. 34 से 38 :** तालिका का अध्ययन करें और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें ।

**Q. Nos. 34 to 38 :** Study the table and answer the following questions.

**5 महीनों के दौरान 5 कंपनियों द्वारा बेचे गए उत्पादों की संख्या**

**Number of products sold by 5 companies during 5 months**

| महीना/Month | कंपनी / Company | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | P | Q | R | S | T |
| जनवरी/January | 130 | 80 | 155 | 85 | 75 |
| फरवरी/February | 155 | 110 | 88 | 110 | 90 |
| मार्च/March | 180 | 130 | 115 | 100 | 120 |
| अप्रैल/April | 160 | 145 | 240 | 140 | 165 |
| मई/May | 140 | 120 | 130 | 100 | 165 |

**34.** मार्च में कंपनी P और R द्वारा बेचे गए उत्पादों की कुल संख्या का अप्रैल में उन्हीं कंपनियों द्वारा बेचे गए उत्पादों की कुल संख्या से अनुपात कितना है ?
What is the ratio of the total number of products sold by company P and R in March to the total number of products sold by the same company in April ?
(A) 59 : 80 (B) 16 : 19
(C) 12 : 17 (D) 40 : 95

**35.** कंपनी S द्वारा बेचे गए उत्पादों की संख्या में जनवरी से अप्रैल तक लगभग कितने प्रतिशत की वृद्धि हुई ?
The number of products sold by company S approximately increased by what percent from January to April ?
(A) 76.7% (B) 72.31%
(C) 62.9% (D) 64.71%


**36.** कंपनी T द्वारा मार्च, अप्रैल और मई में बेचे गए उत्पादों की कुल संख्या में से, 32% माइल्ड स्टील से बने थे । मार्च, अप्रैल और मई में स्टोर T द्वारा बेचे गए माइल्ड स्टील उत्पादों की कुल संख्या कितनी थी ?
Out of the total number of products sold by company T in March, April and May together, 32% were made of mild steel. What was the total number of mild steel products sold by store T in March, April and May together ?
(A) इनमें से कोई नहीं/None of these
(B) 155
(C) 144
(D) 150

**37.** फरवरी में कंपनी P, S और T द्वारा बेचे गए उत्पादों की औसत संख्या कितनी है ? (अनुमानित)
What is the average number of products sold by company P, S and T in February ? (Approximate)
(A) 120 (B) 118
(C) 112 (D) 116

**38.** कंपनी Q द्वारा जनवरी और मई में मिलाकर बेचे गए उत्पादों की कुल संख्या और समान महीनों में कंपनी R द्वारा बेचे गए उत्पादों की कुल संख्या के बीच का अंतर कितना है ?
What is the difference between the total number of products sold by company Q in January and May together and the total number of products sold by company R in the same months together ?
(A) 102 (B) 98
(C) 76 (D) 85

**प्र. सं. 39 से 43 :** यहाँ दिया गया पाई चार्ट एक विशेष वर्ष के दौरान विभिन्न क्षेत्रों पर विश्वविद्यालय के खर्च को दर्शाता है । चार्ट का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें । (सभी मान डिग्री में दिए गए हैं ।)

**Q. Nos. 39 to 43 :** The pie chart given here shows the spending of university on various sectors during a particular year. Study the chart carefully and answer the questions given below it. (All the values are given in degree.)




**39.** कार्यक्रमों की तुलना में अनुसंधान पर लगभग कितना प्रतिशत अधिक खर्च किया गया है ?
Approximately how much percent more is spent on Research than on Events ?
(A) इनमें से कोई नहीं/None of these
(B) 90%
(C) 63%
(D) 86%

**40.** छात्रावास पर कुल खर्च का लगभग कितना प्रतिशत खर्च किया जाता है ?
Approximately what percent of total spending is spent on Hostel ?
(A) 12.78% (B) 11.8%
(C) 9.8% (D) 11.2%

www.prepp.in

41. यदि वर्ष के दौरान विभिन्न क्षेत्रों पर खर्च की गई कुल राशि ₹ 1,80,00,000 हो, तो आधारभूत संरचना पर खर्च की गई राशि छात्रावास पर खर्च की गई राशि से कितनी अधिक है ?

If the total amount spent on various sectors during the year be ₹ 1,80,00,000, then the amount spent on Infrastructure exceeds on Hostel by :

(A) ₹ 3,00,000 (B) ₹ 2,80,000
(C) ₹ 2,00,000 (D) ₹ 2,50,000

42. खेलों पर, शिक्षा की तुलना में कितने प्रतिशत कम खर्च किया जाता है ?

How much percent less is spent on Sports than on Education ?

(A) 48% (B) 42% (C) 32% (D) 35%


43. यदि वर्ष के दौरान खेलों पर खर्च की गई कुल राशि ₹ 1.8 करोड़ थी, तो शिक्षा और अनुसंधान पर कुल खर्च की गई राशि थी :

If the total amount spent on Sports during the year was ₹ 1.8 crores, the amount spent on Education and Research together was :

(A) ₹ 72,50,000 (B) ₹ 7,25,000
(C) ₹ 12,50,000 (D) ₹ 1,45,00,000

प्र.सं. 44 से 48 : निम्नलिखित लाइन ग्राफ (रेखा आरेख) 2001 से 2006 की अवधि के दौरान दो कंपनियों A और B द्वारा अर्जित प्रतिशत लाभ प्रदान करता है । ग्राफ को ठीक से पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर दें ।

**Q. Nos. 44 to 48 :** The following line graph gives the percentage profit earned by two companies A and B during the period 2001 to 2006. Read the graph properly and answer the questions.




44. 2005 में दो कंपनियों A और B की आय क्रमशः 3 : 4 के अनुपात में थी । 2005 में उनके व्यय का क्रमशः अनुपात क्या था ?

The income of two companies A and B in 2005 were in the ratio of 3 : 4 respectively. What was the respective ratio of their expenditures in 2005 ?

(A) 26 : 34 (B) 8 : 11
(C) 17 : 22 (D) 45 : 68

45. यदि 2005 में दो कंपनियों की आय समान थी, तो 2005 में कंपनी A के व्यय का कंपनी B के व्यय से अनुपात क्या था ?

If the incomes of two companies were equal in 2005, then what was the ratio of expenditure of company A to that of company B in 2005 ?

(A) 15 : 17 (B) 12 : 17
(C) 5 : 7 (D) 7 : 5

46. यदि 2002 में कंपनी B का व्यय ₹ 200 करोड़ था, तो 2002 में आय क्या थी ?

(A) ₹ 283 करोड़ (B) ₹ 260 करोड़
(C) ₹ 216 करोड़ (D) ₹ 250 करोड़

If the expenditure of company B in 2002 was ₹ 200 crores, what was the income in 2002 ?

(A) ₹ 283 crores (B) ₹ 260 crores
(C) ₹ 216 crores (D) ₹ 250 crores

47. यदि 2001 में कंपनी A और B का व्यय समान था और 2001 में दोनों कंपनियों की कुल आय ₹ 342 करोड़ थी, तो 2001 में दोनों कंपनियों का कुल लाभ कितना था ? (लाभ = आय – व्यय)

(A) इनमें से कोई नहीं (B) ₹ 102 करोड़
(C) ₹ 174 करोड़ (D) ₹ 120 करोड़

If the expenditures of company A and B in 2001 were equal and the total income of the two companies in 2001 was ₹ 342 crores, what was the total profit of the two companies together in 2001 ?

(Profit = Income - Expenditure)

(A) None of these (B) ₹ 102 crores
(C) ₹ 174 crores (D) ₹ 120 crores

48. वर्ष 2003 में कंपनी A का व्यय ₹ 200 करोड़ था और 2003 में कंपनी A की आय 2006 में उसके खर्च के समान थी । 2006 में कंपनी A की आय क्या थी ?

(A) ₹ 247 करोड़ (B) ₹ 280 करोड़
(C) ₹ 464 करोड़ (D) ₹ 376 करोड़

The expenditure of company A in the year 2003 was ₹ 200 crores and the income of company A in 2003 was the same as its expenditure in 2006. The income of company A in 2006 was :

(A) ₹ 247 crores (B) ₹ 280 crores
(C) ₹ 464 crores (D) ₹ 376 crores

49. "जज़िया" फिर से लगाने वाले मुगल शासक का नाम लिखिए ।
(A) इनमें से कोई नहीं (B) हुमायूँ
(C) औरंगजेब (D) जहाँगीर
Write the name of Mughal ruler who reimposed "Jaziya".
(A) None of these (B) Humayun
(C) Aurangzeb (D) Jahangir

50. निम्नलिखित में से किसे अंग्रेजों द्वारा शुरू किए गए सबसे महत्त्वपूर्ण योगदानों में से एक माना जाता है ?
(A) शिपिंग (B) बैंकिंग और बीमा
(C) रेलवे (D) वृक्षारोपण और खान
Which of the following is considered as one of the most important contribution that was introduced by British ?
(A) Shipping
(B) Banking and insurance
(C) Railways
(D) Plantations and mines

51. "पंचतंत्र" की कथाएँ किसके द्वारा लिखी गई थीं ?
(A) तुलसीदास (B) विष्णु शर्मा
(C) वाल्मीकि (D) वेद व्यास
The tales of "The Panchatantra" was written by :
(A) Tulsidas (B) Vishnu Sharma
(C) Valmiki (D) Ved Vyasa

52. गौतम बुद्ध ने सारनाथ में अपना पहला उपदेश ________ में दिया था ।
(A) भूमिस्पर्श मुद्रा
(B) ध्यान मुद्रा
(C) धम्म-चक्र-प्रवर्तन मुद्रा
(D) अभय मुद्रा
In ________, Gautam Buddha delivered his first sermon at Sarnath.
(A) Bhumisparsha Mudra
(B) Dhyana Mudra
(C) Dhamma-chakra-pravartana Mudra
(D) Abhaya Mudra

53. निम्नलिखित में से किस शासक के दरबारी कवि हरिषेण थे ?
(A) इनमें से कोई नहीं (B) कुमारगुप्त
(C) समुद्रगुप्त (D) स्कंदगुप्त
Which of the following ruler's court poet was Harishena ?
(A) None of these (B) Kumaragupta
(C) Samudragupta (D) Skandagupta

54. 1930 में महात्मा गांधी द्वारा "सविनय अवज्ञा आंदोलन" शुरू करने का कारण था :
(A) इनमें से कोई नहीं
(B) लोगों से पूर्ण स्वराज प्रतिज्ञा लेने के लिए कहने हेतु ।
(C) ब्रिटिश शासन की बुराइयों को दूर करने के लिए ग्यारह सूत्री कार्यक्रम वाले एक पत्र के माध्यम से वायसराय को बताना ।
(D) नमक कानून तोड़ने के लिए दांडी मार्च ।
The reason of launching the "Civil Disobedience Movement" by Mahatma Gandhi in 1930 was :
(A) None of these
(B) Asking the people to take Poorna Swaraj Pledge.
(C) Asking the Viceroy through a letter containing Eleven Points Programme to remove the evils of the British rule.
(D) Dandi March to break the Salt Laws.

55. निम्नलिखित में से कौन सा 1857 के विद्रोह का परिणाम था ?
(A) ईस्ट इंडिया कंपनी की शक्तियों को ब्रिटिश क्राउन में हस्तांतरित कर दिया ।
(B) अंग्रेजों ने फैसला किया कि सेना में भारतीय सैनिकों का अनुपात बढ़ाया जाएगा ।
(C) अंग्रेजों ने भारत में लोगों की प्रथागत धार्मिक और सामाजिक प्रथाओं को कुचलने का फैसला किया ।
(D) ज़मींदारों की रक्षा की नीतियों को समाप्त कर दिया गया ।
Which among the following was the consequence of the 1857 revolt ?
(A) Transferred the powers of the East India Company to the British Crown.
(B) British decided that the proportion of Indian soldiers in the army would be increased.
(C) The British decided to crush the customary religious and social practices of the people in India.
(D) Policies to protect landlords were abolished.

56. निम्नलिखित में से कौन पृथ्वी का सबसे बड़ा अंत:स्थलीय जल निकाय है ?
(A) इनमें से कोई नहीं (B) बैकाल झील
(C) सुपीरियर झील (D) कैस्पियन सागर
Which of the following is the Earth's largest inland body of water ?
(A) None of these (B) Lake Baikal
(C) Lake Superior (D) Caspian Sea

57. निम्नलिखित में से कौन स्वतंत्र भारत का पहला भारतीय गवर्नर-जनरल था ?
(A) खान अब्दुल गफ्फार खान
(B) सरदार वल्लभभाई पटेल
(C) मौलाना आज़ाद
(D) सी. राजगोपालाचारी
Which of the following was free India's first Indian Governor-General ?
(A) Khan Abdul Gaffar Khan
(B) Sardar Vallabhbhai Patel
(C) Maulana Azad
(D) C. Rajagopalachari

58. निम्नलिखित में से किस अधिनियम द्वारा बर्मा को भारत से अलग किया गया था ?
(A) भारत सरकार अधिनियम, 1935
(B) मोंटेग्यू-चेम्सफोर्ड सुधार, 1919
(C) रानी की उद्घोषणा
(D) मिंटो-मॉर्ले सुधार
Burma was separated from India by which of the following Act ?
(A) Government of India Act, 1935
(B) Montague-Chelmsford Reforms, 1919
(C) Queen's Proclamation
(D) Minto-Morley Reforms

59. भारत को ब्रिटिश नियंत्रण से मुक्त करने के लिए, भारतीय राष्ट्रीय सेना (INA) का गठन किसने किया ?
(A) रास बिहारी बोस (B) सुभाष चंद्र बोस
(C) भगत सिंह (D) मोहन सिंह
Who raised the Indian National Army (INA), to free India from British control ?
(A) Ras Bihari Bose
(B) Subhas Chandra Bose
(C) Bhagat Singh
(D) Mohan Singh

60. सागौन के जंगल भारत के निम्नलिखित में से किस राज्य में पाए जाते हैं ?
(A) हिमाचल प्रदेश (B) झारखंड
(C) मध्य प्रदेश (D) पंजाब
Teak forests are found in which of the following states of India ?
(A) Himachal Pradesh
(B) Jharkhand
(C) Madhya Pradesh
(D) Punjab

61. सामान्य वर्षा में अचानक वृद्धि हो जाती है और कई दिनों तक लगातार जारी रहती है । इसे मानसून का ______ कहा जाता है ।
(A) अंत (B) परीक्षण
(C) विश्राम (D) प्रस्फोट (फटना)
The normal rainfall increases suddenly and continues constantly for several days is known as the ______ of the monsoon.
(A) End (B) Test
(C) Rest (D) Burst

62. जी.एम.टी. (GMT) का पूर्ण रूप क्या है ?
(A) ग्रीनविच मेगा टाइम
(B) गोल्ड मीन टाइम
(C) ग्रीनविच मीन टाइम
(D) ग्रीनविच मिड टाइम
What is the full form of GMT ?
(A) Greenwich Mega Time
(B) Gold Mean Time
(C) Greenwich Mean Time
(D) Greenwich Mid Time

63. प्रति 1,000 लोगों पर जीवित जन्मों की वार्षिक संख्या को किस नाम से जाना जाता है ?
(A) इनमें से कोई नहीं
(B) क्रूड (अशोधित) जन्म दर
(C) सामान्य प्रजनन दर
(D) कुल प्रजनन दर
By what name is the annual number of live births per 1,000 people called ?
(A) None of these
(B) Crude birth rate
(C) General fertility rate
(D) Total fertility rate

Prepp
Your Personal Exams Guide



64. 1969 में कितनी प्रमुख निजी बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया गया था ?
How many leading private banks were nationalised in 1969 ?
(A) इनमें से कोई नहीं/None of these
(B) 14
(C) 12
(D) 6

65. 1991 के आर्थिक सुधारों के बाद _____ उद्योग विशेष रूप से सार्वजनिक क्षेत्र के लिए आरक्षित थे ।
(A) इनमें से कोई नहीं (B) संचार
(C) परमाणु ऊर्जा उत्पादन (D) मेट्रो परिवहन
_____ Industries were reserved exclusively for the public sector after the economic reforms of 1991.
(A) None of these
(B) Communication
(C) Atomic energy generation
(D) Metro transport

66. _____ योजना आयोग के अंतिम उपाध्यक्ष थे ।
(A) श्री मोंटेक सिंह अहलूवालिया
(B) श्री विनय कोहली
(C) श्री आर.पी. सिन्हा
(D) श्री श्यामल घोष
_____ was the last deputy chairman of the Planning Commission.
(A) Shri Montek Singh Ahluwalia
(B) Shri Vinay Kohli
(C) Shri R.P. Sinha
(D) Shri Shyamal Ghosh

67. निम्नलिखित में से कौन सा क्षेत्र भारत का सबसे बड़ा नियोक्ता है ?
(A) प्राथमिक क्षेत्र (B) द्वितीयक क्षेत्र
(C) चतुर्थक क्षेत्र (D) तृतीयक क्षेत्र
Which of the following sector is the largest employer of India ?
(A) Primary sector (B) Secondary sector
(C) Quaternary sector (D) Tertiary sector

68. निम्नलिखित में से किस राज्य को हरित क्रांति के लिए भारत में आरंभ स्थल के रूप में चुना गया था ?
(A) पंजाब (B) तमिलनाडु
(C) बिहार (D) आंध्र प्रदेश
Which among the following states was chosen as the Initiation site in India for Green Revolution ?
(A) Punjab (B) Tamil Nadu
(C) Bihar (D) Andhra Pradesh

69. निम्नलिखित में से कौन सा अनुच्छेद "अल्पसंख्यकों के हितों का संरक्षण" के लिए है ?
(A) अनुच्छेद 30 (B) अनुच्छेद 29
(C) अनुच्छेद 26 (D) अनुच्छेद 27
Which among the following Articles is for "Protection of Interests of Minorities" ?
(A) Article 30 (B) Article 29
(C) Article 26 (D) Article 27

70. 42वें संशोधन के माध्यम से संविधान में कौन सा नया DPSP (राज्य नीति के निदेशक सिद्धांत) जोड़ा गया ?
(A) मादक पेय और ड्रग की खपत को प्रतिबंधित करना ।
(B) आय, स्थिति, सुविधाओं और अवसरों में असमानताओं को कम करने की राज्य की आवश्यकता ।
(C) समान न्याय और निःशुल्क विधिक सहायता ।
(D) राष्ट्रों के बीच अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा को बढ़ावा देना ।
Through the 42nd amendment, which of the new DPSP (Directive Principles of State Policy) was added to the Constitution ?
(A) Prohibit the consumption of intoxicating drinks and drugs.
(B) State need to minimise inequalities in income, status, facilities and opportunities.
(C) Equal justice and free legal aid.
(D) Promote international peace and security between nations.

71. निम्नलिखित में से कौन से मौलिक कर्तव्य हैं ?
(A) ये सभी
(B) भारत की संप्रभुता, अखंडता और एकता की रक्षा करना ।
(C) सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा करना ।
(D) वैज्ञानिक दृष्टिकोण और मानववाद विकसित करना ।
Which among the following are Fundamental Duties ?
(A) All of these
(B) Protect the sovereignty, integrity and unity of India.
(C) Safeguard public property.
(D) Develop scientific temper and humanism.

72. सभी अम्लों में समान तत्त्व है :
(A) इनमें से कोई नहीं (B) सल्फर
(C) हाइड्रोजन (D) कार्बन
The element common to all acids is
(A) None of these (B) Sulphur
(C) Hydrogen (D) Carbon

73. नॉनस्टिक खाना पकाने के बर्तन ________ से लेपित होते हैं ।
(A) इनमें से कोई नहीं (B) काले रंग
(C) टेफ्लॉन (D) पीवीसी
Non-stick cooking utensils are coated with
(A) None of these (B) Black paint
(C) Teflon (D) PVC

74. अनुच्छेद 245 के अनुसार _____ संसद का कार्य है ।
(A) सरकार की आलोचना करना
(B) कर एकत्र करना
(C) शासन करना
(D) कानून बनाना
As per Article 245 _____is the function of Parliament.
(A) Criticising Government
(B) Collecting taxes
(C) Governing
(D) Law - making

75. सरकारिया आयोग निम्नलिखित में से किससे संबंधित है ?
(A) चुनाव सुधारों
(B) बैंकिंग और वित्तीय क्षेत्र
(C) केंद्र और राज्य संबंध
(D) भारत में प्रेस की स्वतंत्रता
The Sarkaria Commission is related to which of the following ?
(A) Election Reforms
(B) Banking & Financial Sector
(C) Centre & State Relations
(D) Freedom of Press in India

76. प्रकाश वर्ष ________ का एक माप है ।
(A) इनमें से कोई नहीं (B) तारकीय दूरी
(C) हवाई जहाजों की गति (D) प्रकाश की गति
Light year is a measurement of
(A) None of these
(B) Stellar distances
(C) Speed of aero planes
(D) Speed of light

77. $\frac{(2.1)^3 + (5.8)^3}{(2.1)^2 - 2.1 \times 5.8 + (5.8)^2} =$
(A) 7.9 (B) 6.9
(C) 4.9 (D) 5.9

78. एक परीक्षा में, 70% अभ्यर्थी भौतिकी में उत्तीर्ण हुए और 80% अभ्यर्थी तर्कणा में उत्तीर्ण हुए । यदि इन दोनों विषयों में 55% अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए, तो दोनों विषयों में कितने प्रतिशत अभ्यर्थी अनुत्तीर्ण हुए ?
In an exam, 70% candidates passed in physics and 80% candidates passed in reasoning. If 55% candidates passed in both these subjects, what percent of candidates failed in both subjects ?
(A) 35% (B) 25%
(C) 5% (D) 15%

79. निम्नलिखित में से कौन सबसे बुद्धिमान स्तनधारी है ?
(A) चूहा (B) हाथी
(C) व्हेल (D) डॉल्फ़िन
Which of the following is the most intelligent mammal ?
(A) Rat (B) Elephants
(C) Whales (D) Dolphins

80. पौधों का विकास किससे प्रभावित होता है ?
(A) प्रकाश की गुणवत्ता, मात्रा और अवधि
(B) प्रकाश की गुणवत्ता और अवधि
(C) केवल प्रकाश की गुणवत्ता
(D) प्रकाश की गुणवत्ता और मात्रा
Plant development is influenced by
(A) quality, quantity and duration of light
(B) quality and duration of light
(C) quality of light only
(D) quality and quantity of light

81. दिए गए भिन्नों $\frac{4}{9}, \frac{5}{7}, \frac{11}{13}, \frac{13}{17}$ में से सबसे बड़ा कौन सा है ?
Out of given fractions $\frac{4}{9}, \frac{5}{7}, \frac{11}{13}, \frac{13}{17}$, which one is largest ?
(A) $\frac{13}{17}$ (B) $\frac{11}{13}$
(C) $\frac{4}{9}$ (D) $\frac{5}{7}$

82. $\sqrt{9-4\sqrt{5}} =$

(A) $\sqrt{3}+5$ (B) $\sqrt{5}+3$

(C) $\sqrt{5}-2$ (D) $\sqrt{2}-5$

83. 308, 125, 45, 120 और 102 का औसत है

The average of 308, 125, 45, 120 and 102 is

(A) 140 (B) 130

(C) 110 (D) 120

84. 'स्थावर' का विलोम शब्द है :

(A) जंगम (B) चेतन

(C) सचल (D) चंचल

85. 'बिल्ली को पहले ही दिन मारना चाहिए' का अर्थ है–

(A) रौब पहले ही दिन पड़ता है, बाद में नहीं।

(B) बुरा समय आते ही सचेत हो जाना चाहिए।

(C) भय का शमन शुरू में ही कर देना चाहिए।

(D) जिस व्यक्ति के आश्रय में रहना, उसी को हानि पहुँचाना।

86. 'स्वल्प' का संधि विच्छेद क्या होगा ?

(A) सू + अल्प (B) सु + अल्प

(C) स्व + अल्प (D) स् + अल्प

87. "इति- ईति" का सही अर्थ भेद है :

(A) पूर्णता – इच्छा (B) पीड़ा – समापन

(C) समाप्ति – विघ्न (D) प्रारंभ – विश्वास

88. 'ईश्वर में विश्वास रखने वाला' – इस शब्द समूह के लिए एक शब्द बताइये।

(A) आस्तिक (B) श्रद्धावान

(C) भक्त (D) नास्तिक

**Read the passage carefully and answer the corresponding questions : (Q. 89 and 90)**

Valentine's Day, February 14, is a holiday that celebrates love and friendship in the United States. Most people think of it as a romantic day to show the one you love how much you care by purchasing cards and gifts. Valentine's Day is also an extremely commercial holiday. People spend money on flowers, balloons, chocolates, stuffed animals and jewellery. People also go out for expensive dinners. Valentine's Day is even celebrated by school children, who give thank-you cards to their teachers. Some high schools have Valentine's Day dances. Classmates give each other little cards. These cards can be purchased at any store with famous cartoon characters. It is considered much more thoughtful to have kids make handmade cards to give to friends and teachers.

Valentine's Day is also a great day to announce your love to someone like a secret crush. Some people even get married on Valentine's Day. However, you don't have to be in love to share in the festivities. You can say "Happy Valentine's Day" to friends and co-workers. Valentine's Day is not an official holiday though in the U.S., meaning government offices and schools are open as usual. The date used to be the celebration of a Saint named Valentine who allegedly saved a young girl's life. It wasn't until the Middle Ages that romance somehow got mixed in with the date and lovers would send each other handwritten love notes. Back then you couldn't just go to the store and buy a card the way you can now.

89. According to the passage, what do school children gift their teachers ?

(A) Jewellery (B) Balloons

(C) Chocolates (D) Thank-you cards

90. According to the passage, is Valentine's Day officially a holiday ?

(A) Probably (B) Not specified

(C) Yes (D) No

91. Choose the correct synonym of : "tame"

(A) Animated (B) Free

(C) Docile (D) Spirited

92. Choose the correct antonym of : "rapid"

(A) Free (B) Adventurous

(C) Tardy (D) Mean

93. Give one word substitute for the following : "one who is indifferent to pleasure or pain"

(A) Orphan (B) Optimist

(C) Stoic (D) Mercenary

94. एक तस्वीर की ओर इशारा करते हुए A ने अपने दोस्त B से कहा, "वह मेरी माँ के पिता की इकलौती बेटी है" । A, फोटोग्राफ वाले व्यक्ति से किस प्रकार संबंधित है ?
(A) बेटा (B) मामा
(C) भानजी (D) भानजा

Pointing to a photograph A said to his friend B, "She is the only daughter of the father of my mother." How is A related to the person of photograph ?
(A) Son (B) Maternal Uncle
(C) Niece (D) Nephew

95. दोनों कथनों को पढ़ें और तय करें कि निम्नलिखित में से कौन सा उत्तर विकल्प इन दोनों कथनों के बीच संबंध को सही ढंग से दर्शाता है ।

**कथन :**

I. लैपटॉप निर्माण कंपनियों ने हाल ही में लैपटॉपों की कीमतों में वृद्धि की है ।

II. सरकार ने हाल ही में लैपटॉपों पर शुल्क बढ़ाया है ।

(A) कथन I और II दोनों स्वतंत्र कारणों के प्रभाव हैं ।
(B) कथन I और II दोनों स्वतंत्र कारण हैं ।
(C) कथन I कारण है और कथन II इसका प्रभाव है ।
(D) कथन II कारण है और कथन I इसका प्रभाव है ।

Read both the statements and decide which of the following answer choice correctly depicts the relationship between these two statements.

**Statements:**

I. The Laptop manufacturing companies have recently increased the prices of Laptops.

II. The Government recently increased the duty on Laptops.

(A) Both the statements I and II are effects of independent causes.
(B) Both the statements I and II are independent causes.
(C) Statement I is the cause and statement II is its effect.
(D) Statement II is the cause and statement I is its effect.

96. भारत गौरव पर्यटक ट्रेन को जून 2022 में रामायण सर्किट के हिस्से के रूप में भारत और _____ के बीच हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया था ।
(A) श्रीलंका (B) भूटान
(C) नेपाल (D) बांग्लादेश

Bharat Gaurav tourist train was flagged off between India and _______, as part of Ramayana Circuit in June 2022.
(A) Sri Lanka (B) Bhutan
(C) Nepal (D) Bangladesh

97. भारत ने दोनों देशों के बीच "मजबूत और दीर्घकालिक" साझेदारी के निर्माण के लिए चल रहे प्रयासों के तहत निम्नलिखित में से किस देश को 75 एम्बुलेंस और 17 स्कूल बसें उपहार में दीं ?
(A) बांग्लादेश (B) यूक्रेन
(C) श्रीलंका (D) नेपाल

India gifted 75 ambulances and 17 school buses to which among the following countries as part of its ongoing efforts to build on the "robust and longstanding" partnership between the two countries ?
(A) Bangladesh (B) Ukraine
(C) Sri Lanka (D) Nepal

98. निम्नलिखित प्रश्न में दिए गए विकल्पों में से असंगत का चयन कीजिए ।

In the following question, select the odd one out from the given alternatives.
(A) 701 (B) 401
(C) 101 (D) 301

99. 1 जनवरी, 2006 को रविवार था । 1 जनवरी, 2010 को सप्ताह का कौन सा दिन था ?
(A) बुधवार (B) शुक्रवार
(C) रविवार (D) शनिवार

It was Sunday on Jan. 1, 2006. What was the day of the week on Jan. 1, 2010 ?
(A) Wednesday (B) Friday
(C) Sunday (D) Saturday

100. यदि किसी निश्चित भाषा में ACTIVE को EDUJWA के रूप में कोडित किया जाता है, तो उस कोड में EFFECT को कैसे कोडित किया जाएगा ?

If in certain language ACTIVE is coded as EDUJWA, how is EFFECT coded in that code ?
(A) EOFGTG (B) TCEFFE
(C) TGGFDE (D) EFFTEC